ई-मेल/ ई-आफिस द्वारा

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,
भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005
PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005
Phone: 0512-2217957
Email: rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-36/11/6/2024-स्था.-I दिनांक-16-01-2025

परिपत्र

मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार समस्त चिकित्सा अधीक्षक/ संयुक्त निदेशक (प्रभारी)/ औषधालय सह शाखा कार्यालय (प्रभारी)/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के समस्त शाखाधिकारी/ क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधकों को सूचित करना है कि वर्ष 2019 से वर्ष 2022 में आयोजित परीक्षाओं के द्वारा सीधी भर्ती से नियुक्त सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, प्रवर श्रेणी लिपिक, एम.टी.एस. व स्टेनोग्राफर संवर्ग के कार्मिकों का बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन दि. 11.07.2024 को आयोजित हुआ था, जिसके पश्चात शेष कार्मिकों (संलग्न सूची Annexure-I के अनुसार) का **द्वितीय चरण में बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन दि. 28.01.2025 को आयोजित होना है ।**

Accounting Unite wise बायोमेट्रिक वेरीफिकशन हेतु निर्धारित स्थान का विवरण निम्नवत है-

क्र.सं.	Accounting unit का नाम	बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन हेतु निर्धारित स्थान
1.	क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर (अधीनस्थ शाखा कार्यालयों / औषधालय सह शाखा कार्यालयों सहित)	क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर
2.	उप क्षेत्रीय कार्यालय, नोएडा (अधीनस्थ शाखा कार्यालयों / औषधालय सह शाखा कार्यालयों सहित)	उप क्षेत्रीय कार्यालय, नोएडा
3.	उप क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ (अधीनस्थ शाखा कार्यालयों / औषधालय सह शाखा कार्यालयों सहित)	उप क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
4.	उप क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी (अधीनस्थ शाखा कार्यालयों / औषधालय सह शाखा कार्यालयों सहित)	उप क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी
5.	कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर	क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर
6.	कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, लखनऊ	उप क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
7.	कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, बरेली	उप क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
8.	कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, वाराणसी	उप क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी

सक्षम अधिकारी द्वारा बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन हेतु नामित किए गए Location wise SPOC का विवरण संलग्न कर सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा रहा है । संबंधित SPOC इस संबंध में समन्वय स्थापित करते हुए बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन कराना सुनिश्चित करेंगें ।

उपरोक्त के संबंध में समस्त चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त निदेशक (प्रभारी), औषधालय सह शाखा कार्यालय (प्रभारी), क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के समस्त शाखाधिकारी व क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन शाखा कार्यालयों के शाखा प्रबंधकों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन हेतु संलग्न सूची में उल्लिखित कार्मिकों, जिनका दि. 28.01.2025 को बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन किया जाना है, **को दि. 28.01.2025 को बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन हेतु निर्धारित स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें तथा संबंधित कार्मिकों को उक्त तिथि का कोई भी अवकाश प्रदान न करें । संबंधित कार्मिकों के अवकाश पर होने की स्थिति में उनका अवकाश निरस्त करते हुए उनकी उपरोक्त तिथि को बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करें ।**

यह परिपत्र क्षेत्रीय निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

संलग्नकः यथोपरि ।

Signed by Anita Suresh
Date: 16-01-2025 11:24:23

(अनिता सुरेश)

उप निदेशक (स्थापना-I)

प्रतिलिपिः-

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय के निजी सचिव, निजी सचिव अनुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ ।

2. संयुक्त निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

4. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

5. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

6. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस परिपत्र को वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें ।

7. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।